# मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान

(भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार का स्वायत्त संस्थान)

6, प्रोफेसर रामसखा गौतम मार्ग, भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.)

फोन - (0734) 2510978 ई-मेल – mailboxmpissr@gmail.com वेबसाइटः www.mpissr.org


## समाज विज्ञानों में पाँच दिवसीय अनुसंधान अभिमुखीकरण कार्यक्रम

(30 दिसम्बर 2024 से 03 जनवरी 2025)

*प्रायोजक:* भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली

### कार्यक्रम के बारे में

भारत में समाज विज्ञानों में अनुसंधान एक संक्रमणकाल से गुजर रहा है। प्रथमतः, सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के प्रविधिगत आयाम पश्चिमी विद्वानों द्वारा विकसित किये गये जिन्हें भारतीय समाज वैज्ञानिकों द्वारा अपनाया गया। प्रकारांतर में भारतीय विद्वानों द्वारा पश्चिम के प्रविधिगत आयामों के ज्ञान एवं पद्धतिगत आधारों पर प्रश्न खड़े किये गये क्योंकि ये भारतीय सामाजिक परिदृश्य में समाज की वास्तविकताओं के जटिल तथ्यों को स्पष्ट करने के लिए पर्याप्त नहीं थे। अतः आज समय की मांग है कि भारत में सामाजिक वास्तविकता को समझने के लिए भारतीय पारम्परिक ज्ञान के आधारों का विश्लेषण किया जाये और वैकल्पिक प्रविधियों के बारे में विचार किया जाये। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में अनुसंधान की प्राथमिकता एवं आवश्यकता पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है।

समकालीन सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिदृश्य में देश के विशाल भौगोलिक प्रसार एवं बड़ी जनसंख्या को देखते हुए अधिकाँश वृहत् स्तर के अनुसंधान मात्रात्मक पद्धति से किये जाते हैं। दूसरी ओर सूक्ष्म मुद्दों का अध्ययन बहुत सीमित दायरे और उनकी वैधता के साथ गुणात्मक उपकरणों की सहायता से किया जाता है, जिनकी विश्वसनीयता पर प्रायः प्रश्न खड़े किये जाते है और भारत जैसे विविधता वाले देश में इन निष्कर्षों का सामान्यीकरण बहुत कठिन है। इसलिए भारतीय समाज को बेहतर तरीके से समझने के लिए उपयुक्त प्रविधियों के साथ वृहत् एवं सूक्ष्म स्तर के अनुसंधान के बीच संतुलन बनाए रखना समय की आवश्यकता है।

यह भी देखा गया है कि भारत में कई युवा शोधकर्त्ता गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान नहीं कर पाते है क्योंकि उनके पास योग्य प्रविधि के उपयोग हेतु अभिमुखीकरण का अभाव है तथा उनके द्वारा संग्रहित किये गये तथ्यों का विश्लेषण करने के लिए यथोचित कौशल की कमी परिलक्षित होती है। साथ ही सामाजिक शोधकर्त्ताओं द्वारा अपनी प्रविधि को समझने और नयी प्रविधियों के बारे में अन्तर्दृष्टि का सम्प्रेषण करना समय की माँग एवं आवश्यकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए म.प्र. सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान, उज्जैन द्वारा शोधार्थियों हेतु ***समाज विज्ञानों में पाँच दिवसीय अनुसंधान अभिमुखीकरण कार्यक्रम*** का आयोजन किया जा रहा है।

### अभिमुखीकरण कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य

सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में शोध प्रविधि के विभिन्न पहलुओं पर एक बुनियादी अभिविन्यास प्रदान करना। भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में विविध प्रविधिगत् मुद्दों के प्रति प्रतिभागियों को जागरूक करना। भारतीय समाज से संबंधित अनुसंधान के नये क्षेत्रों पर विमर्श करना है।

## कार्यक्रम की विषयवस्तु

- सामाजिक अनुसंधान के दार्शनिक एवं आधारभूत आधार
- शोध प्ररचना
- शोध समस्या का निर्धारण एवं शोध प्रस्ताव का निर्माण
- उपकल्पना
- प्रतिचयन रचना
- शोध साहित्य की समीक्षा
- मात्रात्मक शोध प्रविधि
- गुणात्मक शोध प्रविधि
- समाज विज्ञान में सांख्यिकीय विधियाँ एवं कम्प्यूटर का अनुप्रयोग
- शोध निष्कर्षों की प्रस्तुति
- इन्द्रियानुभविक अनुसंधान की चुनौतियाँ
- अनुसंधान में नैतिकता
- सामाजिक सर्वेक्षण
- शोध आलेख लेखन
- अनुसंधान की भाषा एवं अकादमिक अनुसंधान लेखन

## प्रतिभागी

सामाजिक विज्ञानों में डॉक्टरेट हेतु अनुसंधानरत शोधकर्ता और युवा संकाय सदस्य इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पात्र हैं। मध्य प्रदेश और अन्य समीपवर्ती राज्यों के शोधार्थियों को वरीयता दी जाएगी। निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए आवेदन डाक या ईमेल द्वारा 10 दिसम्बर 2024 (सोमवार) को या उससे पहले कार्यक्रम समन्वयक को प्रेषित करे। केवल चयनित उम्मीदवारों को कार्यक्रम में भाग लेने के बारे में सूचित किया जाएगा। संस्थान द्वारा केवल कार्यक्रम अवधि के लिए प्रतिभागियों के लिए रहने/भोजनादि की व्यवस्था की जाएगी। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के यात्रा व्यय की नियमानुसार प्रतिपूर्ति की जाएगी।


ई-आवेदन भेजने का पता

mailboxmpissr@gmail.com

डाक द्वारा आवेदन भेजने का पता

कार्यक्रम संयोजक
मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्थान
6, प्रोफेसर रामसखा गौतम मार्ग, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन - 456010

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें

**प्रोफेसर यतीन्द्रसिंह सिसोदिया**
**निदेशक**

**डॉ. अमित तिवारी**
**समन्वयक**

**डॉ. मनु गौतम**
**संयोजक**

# M.P. Institute of Social Science Research

**(Autonomous Research Institute of ICSSR, Ministry of Education, Govt. of India and Ministry of Higher Education, Govt. of Madhya Pradesh)**

**6, Professor Ramsakha Gautam Marg, Bharatpuri Administrative Zone, UJJAIN (MP)**

**Phone: 0734-2510978 E-mail: mailboxmpissr@gmail.com Web: mpissr.org**


Photograph

## Orientation Programme on Research Methodology in Social Sciences (Hindi) (30 December 2024 to 3 January 2025)

### Application Form

Name: ______________________________

Social Category (GEN/SC/ST/OBC/EWS) ______________________________

Marital Status: ______________________________

Date of Birth: ______________________________

Institute/University/College: ______________________________

Educational Qualification: ______________________________

Discipline: ______________________________

Topic of Research: ______________________________

______________________________

Status of Research Work : (i) Course Work (ii)Preparing Synopsis (iii) Reviewing Literature (iv) Preparing Tool (v) Collecting Data (vi) Analysing Data (vii) Writing Report (viii) Thesis Submitted

Have you attended a similar course earlier: Yes ( ) No ( )

If yes, provide details: ______________________________

Mailing Address: ______________________________

______________________________

Mobile No.: ______________________________

E-mail: ______________________________

Accommodation Required: Yes ( ) No ( )

Recommendation by Head of the Institution/College/Supervisor: ______________________________

**Signature (Head of the Institution/Supervisor)**
(With Official Seal)

**Signature of the Applicant**